राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 20 जुलाई। राजस्थान सरकार के खनिज एवं गोपालन मंत्री श्री प्रमोद जैन भाया ने आज प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ प्रात: 11.00 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर में जनसुनवाई की।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान श्री प्रमोद जैन भाया ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर प्रदेशभर से आये बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों एवं आम लोगों की समस्याओं को सुना तथा अधिकांश समस्याओं के तत्काल निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को फोन पर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए तथा शेष रहे प्रकरणों का समाधान अगली जनसुनवाई से पूर्व करने का आश्वासन दिया। जनसुनवाई में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की उपाध्यक्ष श्रीमती नसीम अख्तर इंसाफ, सचिव श्री महेन्द्रसिंह खेड़ी एवं श्री राजेन्द्र यादव ने सहयोग किया।

चतुर्वेदी ने बताया कि अगली जनसुनवाई सोमवार, दिनांक 25 जुलाई, 2022 को होगी। सोमवार, 25 जुलाई को कृषि एवं पशुपालन मंत्री श्री लालचंद कटारिया तथा युवा मामले एवं खेल राज्यमंत्री श्री अशोक चांदना जनसुनवाई करेंगे। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव श्री राकेश पारीक, सचिव श्री भूराराम सिरवी एवं श्री राजेन्द्र मूण्ड इनका सहयोग करेंगे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter